18वीं राष्ट्रीय जम्बूरी की दैनिक पत्रिका
Daily Bulletin of 18th National Jamboree

# राजस्थान जम्बूरी की महक

# VOICE OF RAJASTHAN JAMBOREE

Progress With Peace

रोहट-पाली (राजस्थान)

मंगलवार, 10 जनवरी 2023 । माघ कृष्ण पक्ष तृतीया वि. संवत् 2079

कुल पृष्ठ : 04 । अंक : 07 । मूल्य : निशुल्क




18 National Jamboree
Progress With Peace
4-10 JANUARY, 2023
ROHAT, PALI MARWAR, RAJASTHAN

If you make listening and observation your occupation you will gain much more than you can by talk.
-Robert Baden Powell



EDITORIAL BOARD

**Dr. K.K. Khandelwal**
I.A.S. (Retd.)
Chief National Commissioner

**Niranjan Arya**
I.A.S. (Retd.)
State Chief Commissioner

**Gaurav Agrawal,** I.A.S.
State Commissioner (Scout)

**Nirmal Panwar**
State Commissioner (Rovar)

**Dr. Bhanwar Lal,** I.A.S.
State Commissioner (Cub)

**Mahendra Kumar Parakh**
I.A.S., State Commissioner
(Adult Resort)

**Rukmani R. Sihag,** I.A.S.
State Commissioner (Guide)

**Suchi Tyagi,** I.A.S.
State Commissioner (Ranger)

**Tina Dabi,** I.A.S.
State Commissioner (Bulbul)

**Mugdha Sinha,** I.A.S.
State Commissioner (AR)

**Tikam Chand Bohra,** I.A.S.
Jamboree Nodel Officer

**Naveen Mahajan,** I.A.S.
**Naveen Jain,** I.A.S.
**Dr. S. R. Jain**
**S. K. Solanki,** I.A.S. (Retd.)
**Ankit Kumar Singh,** I.A.S.
**Dr. Akhil Shukla**
**Manish Kumar Sharma**
State Commissioner
**Lalit Kumar Morodia**
State Treasurer

Editor
**Dr. R. K. Kaushik**
Director, BSG

Sub Editor
**Dr. P. C. Jain**
State Secretary

**Smt. Darshana Pawaskar**
Joint Director, BSG

**Neeraj Jain**
Asst. Editor, SHQ

**Vimal Chouhan**
**Dr. Sushma Singhvi**
**Pooran Singh Shekhawat**
**Damodar Prasad Sharma**
**Ms. Anima Ekka**
**B. Ramesh Patnaik**

Graphic Designer
**Avinash Kumawat**

## जय-जय जम्बूरी के जयघोषों के साथ राष्ट्रीय स्काउट-गाइड जम्बूरी का समापन समारोह

### केंद्रीय मंत्री श्री अनुराग ठाकुर, शिक्षा मंत्री श्री बी.डी. कल्ला, प्रभारी मंत्री श्री टीकाराम जूली सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने की शिरकत




पाली जिले की रोहट पंचायत समिति के निम्बली गांव में 4 जनवरी से चल रही 18वीं राष्ट्रीय स्काउट-गाइड जम्बूरी का समापन समारोह सोमवार सायं केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा खेल एवं युवा मामले मंत्री भारत सरकार श्री अनुराग ठाकुर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। प्रदेश शिक्षा मंत्री श्री बी. डी. कल्ला, जिले के प्रभारी और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री टीकाराम जूली, भारत स्काउट गाइड अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार जैन व चीफ नेशनल कमिश्नर डॉ. के.के. खंडेलवाल, स्टेट चीफ कमिश्नर श्री निरंजन आर्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

प्रारम्भ में केंद्रीय मंत्री श्री ठाकुर ने परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। देश के विभिन्न प्रान्तों और सार्क देशों से आए दलों ने परेड की वहीं बैंड वादन का भी प्रदर्शन किया।


जम्बूरी के समापन समारोह में केंद्रीय मंत्री श्री ठाकुर ने भव्य और अनुशासित आयोजन के लिए मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, स्टेट चीफ कमिश्नर श्री निरंजन आर्य सहित सभी को बधाई दी। स्काउट-गाइड से मुखातिब होते हुए कहा कि जम्बूरी एक भारत नेक भारत का साकार रूप है। जम्बूरी में भाग लेने का अवसर मिलना सौभाग्य है। इसमें युवा स्वयंसेवक नए दोस्त बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि परेशानियों से भागना आसान होता है, मुश्किलों से लड़ने वालों के क़दमों में ही जहां होता है। शिक्षा मंत्री श्री बी.डी. कल्ला ने कहा कि स्काउट गाइड परोपकार का पर्याय हैं। स्काउट गाइड जम्बूरी में सीखी अनुशासन और स्वावलंबन की बातों को आत्मसात करते हुए परोपकार के आदर्श स्थापित करें।

पाली जिले के प्रभारी और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री टीकाराम जूली ने इस अद्वितीय आयोजन के लिए मुख्यमंत्री महोदय का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जम्बूरी पर मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत का पूरा फोकस था। वे स्वयं समय समय पर तैयारियों की समीक्षा करते रहे और स्वयं जम्बूरी स्थल पर पहुंच कर निरीक्षण किया। स्टेट चीफ कमिश्नर श्री निरंजन आर्य और उनकी पूरी टीम ने समर्पित भाव से कार्य किया, तब कहीं जाकर यह ऐतिहासिक आयोजन मूर्त रूप ले पाया है। समारोह को भारत स्काउट-गाइड के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार जैन, चीफ नेशनल कमिश्नर डॉ. के.के. खंडेलवाल ने भी विचार व्यक्त किये। स्टेट चीफ कमिश्नर श्री निरंजन आर्य ने स्वागत उद्बोधन देते हुए 4 जनवरी से प्रारम्भ हुई जम्बूरी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में मारवाड जंक्शन विधायक श्री खुशवीरसिंह जोजावर, एडीएम प्रशासन श्री चंद्रभानसिंह भाटी, एडीएम सिलिंग जब्बरसिंह, यूआईटी सचिव श्री वीरेन्द्रसिंह चौधरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बाली श्री बृजेश सोनी, पूर्व सांसद श्री बद्रीराम जाखड़, समाजसेवी श्री महावीरसिंह सुकरलाई, रोहट प्रधान सुनीता कंवर, जिला क्रीड़ा उपाध्यक्ष श्री यशपालसिंह कुम्पावत सहित अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण, प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे।

### दिखी एक भारत-नेक भारत की झलक

जम्बूरी स्थल पर बने मुख्य स्टेडियम में समापन समारोह के दौरान एक भारत-नेक भारत की झलक दिखी। देश के भिन्न-भिन्न प्रान्तों से आये दलों ने अपने-अपने क्षेत्र के लोक नृत्यों की एक साथ प्रस्तुति दी। इससे ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो पूरा हिंदुस्तान जम्बूरी मैदान में सिमट आया हो। इस अवसर पर कार्यक्रम के स्टेट कॉर्डिनेटर श्री टीकम चन्द बोहरा, स्टेट कमिश्नर डॉ. अखिल शुक्ला, राज्य सचिव डॉ. पी. सी. जैन सहित अन्य गणमान्य पदाधिकारी मौजूद रहे हैं।










# Deprived Children in Scouting

Scouting and Guiding is unique organization where everyone has a place to join and practice Scouting values in their life. This movement embraces youth from all walks of life irrespective of their physical and social conditions.

In the 18th National Scout Guide Jamboree the children from deprived section who were enrolled as Scouts and Guides also joined and actively taking part in all the activities along with other Scouts and Guides. It is worth mentioning that Andhra Pradesh State Bharat Scouts and Guides have taken a bold step in picking up the deprived and orphan children from the Streets and transforming them as good citizens providing Scouting and Guiding training, due Education and above all giving them a social status. The Scouting and Guiding training helped them to grow with descent status and develop their personality to move with confidence and academic excellence to prove their work as ideal citizens.

We extend a very warm welcome to all the 40 Scouts and Guides of Child Ashram Gollapalem, Nellore District of Andhra Pradesh State, who are pride for our Jamboree. The Andhra Pradesh State BSG also deserves a pat on their back for their great gesture.

## Ethnic show



Scouts and Guides walked on the ramp in there traditional attire of their native countries. They assembled to extend warm friendship to mark the global bond of friendship n fraternity The glittering show was hosted by Ms. Ayantika Kundu, former Co-Chairman of National Youth Committee and Mr. Rahul Rungta, Member National Youth Committee, the whole program was youth led and youth organization.

## March Past



The smart turn out is mandatory for all the Scouts and Guides to exhibit their physical fitness with glare and glamor.

On 9th January smartly turned out Scouts and Guides decked with badges assembled at the main arena, marching on drum beats lead by color parties exhibiting high degree marching and drill skills. All the states of India have represented in the march past with their smartly turned out Scout Guide contingents.

## Culture across the border



On 8 January, an International Night was organized exclusively to strengthen our International relations. The Chief Commissioner of Srilanka graced the function as Chief Guest along with Ms Chamathya Fernando World Board member Wagggs and Local distinguished Guest present. All of them were welcomed with bouquet and honored with mementos. It was fantastic to see the participants dancing on melodious tunes from their countries.

## International Cultural Night

The movement is globally acknowledged on its merits being a movement contributing towards character building of the youth. Scouting and Guiding activities are practiced all over the world with more than two hundred countries that have embraced the Scouting ideologies.

Jamborees are unique platform where the Scouts and Guides from all over India along with overseas countries took part under one umbrella. In this 18th national Jamboree at Pali Rajasthan our friends from Nepal, Maldives, Bangladesh, Sri Lanka, Malaysia, Ghana, Saudi Arabia, Kenya, Madagascar and Singapore have actively participated marching shoulder to shoulder.








## नियमित गतिविधियों व एडवेंचर में उत्साह

समापन समारोह से पूर्व सोमवार सुबह से शुरू हुई नियमित गतिविधियों एवं एडवेंचर एक्टिविटीज में भी स्काउट–गाइड ने अपार उत्साह दिखाया। सुबह जिला कलेक्टर अलवर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी के आतिथ्य में दैनिक गतिविधियों की शुरुआत हुई। डॉ. सोनी ने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। डॉ. सोनी ने कहा कि राष्ट्रीय जम्बूरी में भाग लेना हम सभी के लिए गौरव की बात है और देश विदेश से आए सभी स्काउट एवं गाइड इसकी सीख को आत्मसात करते हुए देश व समाज की सेवा में योगदान दें।

## ऊँचे-ऊँचे टॉवर देख अभिभूत हुए स्काउट-गाइड







18वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान स्टेट भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ने टावर मैकिंग प्रतियोगिता में ऊँचे–ऊँचे टॉवर बनाकर सभी को अभिभूत किया।

उ.प्र. ने 48 घण्टे में 110 फीट का टॉवर तैयार कर एक नया कीर्तिमान बनाया। 110 फीट का टॉवर के पास 50 मीटर की दूरी पर 35 फीट का एक टॉवर और बना कर 150 मीटर की जीपलाईन एडवेंचर एक्टीविटी को दोनों टॉवर को जोड़कर बनाया।

राजस्थान द्वारा 71 फीट ऊंचा टॉवर बनाकर एक बार फिर पिछली जम्बूरियों की तरह अपने चिर–परिचित कला व कौशल का परिचय दिया। जम्बूरी में आये सभी अधिकारीगणों ने टॉवर को देखकर भूरि–भूरि प्रशंसा की।



## बांग्लादेश दल को रास आया स्वतंत्रता संग्राम पेनोरमा, प्रदर्शनी के माध्यम से पुरामहत्व के स्थानों को देख उत्साहित हैं स्काउट्स-गाइड्स

रोहट में आयोजित 18वीं राष्ट्रीय जंबूरी के दौरान विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी के माध्यम से भी अलग–अलग प्रदेशों एवं राष्ट्रों से आए स्काउट्स–गाइड्स जानकारियां भी प्राप्त कर रहे हैं। इस संबंध में 18वीं जम्बूरी के नोडल अधिकारी एवं राजस्थान धरोहर प्राधिकरण जयपुर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टीकम चंद बोहरा ने बताया कि स्वतन्त्रता संग्राम का पेनोरमा से स्वतंत्रता संग्राम के प्रेरणादायी घटनाओं को राष्ट्रीय जम्बूरी के दौरान प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने प्रदर्शनी के दौरान आए बांग्लादेश के दल को बताया कि राजस्थान में 1857 के स्वतन्त्रता संग्राम में ब्रिटिश सत्ता के खिलाफ सशस्त्र युद्ध हुए। आवा के आंदोलन के बारे में जब दल ने जानकारी चाहिए तो उन्होंने पाली से लगभग 90 किलोमीटर दूर स्थित आऊवा के आंदोलन के बारे में जानकारी दी। राधे राजस्थान के क्षेत्री देवताओं स्मारकों आदि के बारे में भी बताया गया। इस दौरान भ्रमण के लिए आए स्कूलों के विद्यार्थी भी मौजूद थे जिन्होंने पेनोरमा की जानकारी ली।

# राष्ट्रीय जम्बूरी में आना वन्डरफूल

## भारत को प्यार करते हैं, बार बार आयेंगे



भारत में आकर जम्बूरी देखना वन्डरफुल है। यहां की व्यवस्थाएं, खाने-पीने-रहने, विविध संस्कृति देखने, स्वादिष्ट भोजन व व्यंजन का स्वाद चखना अविस्मरणीय है। हम कभी इस जम्बूरी को नहीं भूल सकते। भारत बहुत प्यारा देश है। राजस्थान हमारे दिल में बस गया है। हम पुनः राजस्थान भ्रमण पर आएंगे, यह कहना है श्रीलंका से आए दल की लीडर कुलाणी बांद्रा का। जम्बूरी में मिनी इंडिया के दर्शन का सौभाग्य मिला। हमारे पूरे दल को राजस्थान की वेशभूषा, यहां का कलचर, लोक संस्कृति बहुत अच्छी लगी। यहाँ जीवन में पहली बार राजस्थान की सुप्रसिद्ध दाल-बाटी व मिठाई खाई। इसका स्वाद जीवनभर याद रहेगा। स्काउट गाइड संस्था आपसी स्नेह, सेवा, अनुशासन का दूसरा नाम है, यह यहां आकर देखकर समझ में आया। हमारा दल भारत विशेषकर राजस्थान का भ्रमण करने का महत्वांकाक्षी था। हमारे पास कोई शब्द नहीं है कि हम जम्बूरी के आयोजन की व्याख्या कर सके। हम लोग हैरान हैं कि इतने सारे लोगों की एक साथ आवास, यातायात, भोजन, चिकित्सा सुविधा बेहतरीन, सैनिटाइजेशन इत्यादि की व्यवस्था इतनी बढ़िया और सुचारू तरीके से कैसे हो सकी? यहां की चिकित्सा सुविधा से हमारा पूरा दल बहुत प्रभावित है। यहां पर आकर पता चला कि भारत का विश्व में इतना नाम क्यों है? वास्तव में वह इसका हकदार है। हम पुनर्जन्म को नहीं मानते लेकिन होता तो हम सभी का अगला जन्म में भारत में हो, हम दिल से भारत राष्ट्र को प्यार करते है। भारत स्काउट गाइड के चीफ कमिश्नर श्री निरंजन आर्य तथा डॉ. ललित, सहायक स्टेट कमिश्नर विमल चौहान ने दल को अगवानी कर दल का स्वागत किया।

# पाँच राष्ट्र अध्यक्षों से सम्मानित यू.के. के सतपत्ति जम्बूरी में आकर्षण का केन्द्र बने



भारतीय मूल के इंग्लैड निवासी 'सतपत्ति' पेशे से टेक्सटाईल इंजीनीयर है। ये पाँच अन्तर्राष्ट्रीय जम्बूरी व अनेक अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की स्काउटिंग के आयोजन में भाग ले चुके। 'सतपत्ति' को पांच देशों के राष्ट्र अध्यक्ष सम्मानित कर चुके हैं। सहायक स्टेट कमिश्नर श्री विमल चौहान ने बताया कि स्काउटिंग के संस्थापक बेडन पावेल जैसे दिखने वाले और अपनी पौशाक के कारण 'सतपत्ति' जम्बूरी में सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। इतना ही नहीं इंग्लैण्ड में आयोजित एक स्पर्धा 'कौन बनेगा बेडन पावेल' में भी उन्होंने हिस्सा लिया। उनमे पावेल जैसी अनेक समानताएं भी है। वर्षों से स्काउटिंग के लिए समर्पित 'सतपत्ति' बताते है कि स्काउट गाइड एक अन्तरर्राष्ट्रीय संगठन ही नहीं वरन् एक आन्दोलन है। यह बालकों का चरित्र निर्माण, प्रेम, सद्भाव, संस्कार, अनुशासन, साहस कर्तव्यनिष्ठता, राष्ट्रप्रेम सिखाता है जिसकी सभी देशों को आवश्यकता है। उन्होंने पाली के रोहट में जहां सर्दी व धूल भरी आंधी चलती हो, बेहतरीन जम्बूरी आयोजन के लिए स्टेट के चीफ श्री निरंजन आर्य का आभार जताया। विदेशी मेहमान होने के कारण उन्हें वी.आई.पी. सुविधा उपलब्ध करवाई गई लेकिन उन्हें राजस्थानी भोजन बेहद पसंद है इसलिए वे एस.एच.क्यू. की मैस में ही प्रतिदिन भोजन करने आते है। उन्हें यहां की नमकीन व मिठाई बेहद पसन्द है।

उन्होंने बताया कि उद्घाटन सत्र के दौरान भारत की राष्ट्रपति का तीन घण्टे तक कार्यक्रम में उपस्थित रहना स्काउटिंग के प्रति उनके लगाव को दर्शाता है। वायुसेना के प्रदर्शन से वे बेहद प्रभावित दिखाई दिए। उन्होंने माना कि भारत को विश्व का सबसे शक्तिशाली राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता।

# 7 DAY — TODAY'S PROGRAMME

## 10 JANUARY 2023

| | |
|---|---|
| 06:00 HRS | ROUSE |
| 07:00 HRS | ALL FAITH PRAYER |
| 07:15 HRS | FLAG |
| 07:30 HRS | BREAKFAST |
| 09:30 HRS | VALEDICTORY FUNCTION |
| 12:00 HRS | FLAG LOWERING, JAMBOREE CONCLUSION & DISPERSE |

# आज के कार्यक्रम एवं अतिथिगण

## सर्वधर्म प्रार्थना सभा एवं ध्वजारोहण

**मंगलवार, 10 जनवरी 2023 । प्रातः 7.00 बजे**

मुख्य अतिथि – श्री कुमार प्रशान्त, गाँधीवादी कार्यकर्ता
अध्यक्षता – श्री राजकुमार कौशिक, निदेशक, भारत स्काउट व गाइड
विशिष्ट अतिथि – श्री निखिल डे
– श्री जी.एस. बापना, पूर्व राज्य संगठन अध्यक्ष
– श्री सवाई सिंह जी

## पुरस्कार वितरण एवं ध्वजारोहण समारोह

**मंगलवार, 10 जनवरी 2023 । प्रातः 9.30 बजे**

मुख्य अतिथि – श्री बी.डी. कल्ला, माननीय शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार
अध्यक्षता – डॉ. के.के. खण्डेलवाल, चीफ नेशनल कमिश्नर, भारत स्काउट व गाइड
विशिष्ट अतिथि – श्रीमती जाहिदा खान, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री
– श्री पी.के. गोयल, अतिरिक्त मुख्य सचिव, मा./प्रा. शिक्षा, भाषा एवं पुस्तकालय विभाग, जयपुर
– श्री गौरव अग्रवाल, निदेशक, माध्य./प्रा. शिक्षा स्टेट कमिश्नर (स्काउट)

सात दिवस सूं लुभा रया, इण जम्बूरी रा ठाट।
तारां बिच चंदा ज्यूं चमके, ए टू जेड री हाट।।
–देवराज शर्मा 'देव'

## आवश्यक सूचना

यह दैनिक पत्रिका 18वीं राष्ट्रीय स्काउट-गाइड जम्बूरी का दर्पण है जो प्रतिदिन होने वाले आयोजन, गतिविधियों, कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं की 'महक' से सराबोर यादगार छायाचित्रों के साथ सभी को अवगत कराने का एक सशक्त माध्यम है।

आप सभी से अनुरोध है कि आपके द्वारा की जा रही विशेष गतिविधि, कैम्प क्राफ्ट, साहसिक गतिविधि एवं अन्य जिसके लिए आपको ऐसा प्रतीत होता है कि इसकी जानकारी सम्पूर्ण जम्बूरी को होना श्रेयस्कर है तो आप हमें प्रकाशनार्थ भिजवाने का श्रम करें।

आप द्वारा प्रेषित सामग्री आपके नाम व फोटो के साथ इस दैनिक पत्रिका में प्रकाशित की जाएगी। प्रकाशनार्थ सामग्री जम्बूरी पत्रिका कार्यालय अथवा हमारे व्हाट्स एप नंबर 90793 77632 पर भिजवायी जा सकती है। –सम्पादक




# छह महीने की कड़ी मेहनत से जम्बूरी विलेज बना हाईटेक, DOIT ने लगभग दो करोड का काम किया निःशुल्क

## Rajswan और राजस्थान राज्य भारत स्काउ्टस एवं गाइड्स टीमों ने की कडी मेहनत




18वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में बनाए गए विलेज को पूरी तरह हाईटैक बनाने के पीछे Rajswan और राजस्थान राज्य भारत स्काउ्टस एवं गाइडस की करीब 6 महीने की मेहनत है। राजस्थान राज्य भारत स्काउ्टस एवं गाइडस की प्रोग्राम आफिसर श्रीमती अर्चना पासी ने बताया कि रोहट के निमली ब्राह्मणान गांव में जब 6 महीने पहले हमारी टीम जगह को देखने आई थी, तब चारों तरफ खाली मैदान के अलावा कुछ नजर नहीं आ रहा था। जगह चिन्हित होने के बाद आई.टी. के एक्सपर्ट के साथ कई बार बैठकें की गई। सभी के सहयोग के बाद वाई.फाई. और इन्टरनेट की सुविधा पूरी जम्बूरी विलेज में सुचारू रूप से देने के लिए रोडमेप बनाया गया। उसके बाद करीब 50 एक्सपर्ट्स की टीम ने 6 महीने दिन–रात एक कर जम्बूरी विलेज को स्मार्ट और हाईटेक बनाया। राजस्थान सरकार के सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग और Rajswan द्वारा रोहट में आयोजित 18वीं जम्बूरी में इन्टरनेट एवं वाई.फाई की सुविधा देने की जिम्मेदारी दी गई थी।

विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमो के लिए सीधे प्रसारण करने हेतु अलग से 50 Mbps लेन की व्यवस्था की गई। इसके अलावा बैंक, राजस्थान के विभिन्न विभागों, ग्लोबल विलेज, वी.ओ.एस.एम., मीडिया सेन्टर, जम्बूरी मार्केट के लिए वाई.फाई. की व्यवस्था की गई है। रोहट में इन्टरनेट की व्यवस्था करने लिए 1 GBPS की लाईन ली गई है। शुरूआत में इस कार्य में बहुत परेशानिया आई परन्तु हमारी टीम ने "जहां चाह, वहां राह के" सिद्धान्त पर काम किया। जम्बूरी ग्राम में अलग–अलग जगह पर वाई.फाई. डिवाईस और पॉइन्टस लगाए गए है। वाई.फाई. जोन बनाने के लिए 100 वाई.फाई के एक्सिसिस पॉइन्ट बनाए गए है। मीटिंग हॉल एव क्रान्फ्रेन्स हाल में वी.सी. की व्यवस्था के लिए 5 स्क्रीन लगाए गए है। पॉवर व्यवस्था बनाये रखने के लिए 1 घंटे का पावर बैकअप लगाया गया। उक्त कार्य हेतु राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत की सोच और स्टेट चीफ कमिश्नर श्री निरन्जन आर्य की कडी मेहनत के बिना इतना बड़ा और सफल आयोजन करना असम्भव था। यदि जम्बूरी स्थल पर वाई.फाई. और इन्टरनेट की व्यवस्था सुचारू नहीं होती तो भारतीय वायुसेना द्वारा आयोजित सूर्य किरण का आयोजन असम्भव था, क्योंकि हवाई करतब के दौरान सभी विमानों के पायलेट आपस में सम्पर्क में रहते है।














# GLIMPSES OF THE DAY




PUBLISHED BY THE DIRECTOR, THE BHARAT SCOUTS AND GUIDES, LAKSHMI MAZUMDAR BHAWAN, 16, MAHATMA GANDHI MARG, INDRAPRASTHA ESTATE, NEW DELHI - 110002
Tel: (011) - 23378667 / 23378702 | www.bsgindia.org | Email : info@bsgindia.org JAMBOREE : https://www.facebook.com/18NJBSG https://www.instagram.com/18nationaljamboree/
BSG INDIA : https://www.facebook.com/bsgnhq https://twitter.com/bsgnhq https://www.instagram.com/bsgindia/ https://www.youtube.com/bsgindia www.linkedin.com/in/bsgindia
HOST : RAJASTHAN STATE BHARAT SCOUTS AND GUIDES, STATE HEADQUARTERS, JAWAHAR LAL NEHRU MARG, BAJAJ NAGAR, JAIPUR-302015
Tel: (0141) - 2706830/2941098 | Email : rajscoutguide@yahoo.com | jamboreeoffice@bsgindia.org
BSG RAJASTHAN : https://www.facebook.com/rajasthanstatescoutsandguides https://twitter.com/statescout https://www.youtube.com/@rajasthanscoutguide
CORRESPONDENTS : ASHOK KUMAR SRIVASTAV, DR. CHANDRA SEN, HEMENDRA KUMAR SONI, JITENDRA KUMAR, DINESH SHARMA, ARJUN KUMAR